राज
कॉमिक्स विशेषांक
मूल्य 20.00 संख्या 53
हत्यारी राशियां
सुपरकमांडो ध्रुव
इस विशेषांक के साथ एक आकर्षक स्टीकर मुफ्त
राज कॉमिक्स विशेषांक
हत्यारी राशियां

कथा: अनुपम सिन्हा, चित्र: अनुपम सिन्हा, इंकिंग: विनोद कुमार, सम्पादन: मनीष गुप्ता

रात के काले आकाश में घूमते तारे– कवियों के लिए कल्पना का स्रोत हैं। वैज्ञानिकों के लिए रहस्यों का भंडार हैं, और अधिकतर लोगों के लिए हैं, ज्योतिष विज्ञान का आधार–

इन ग्रहों के बारे में गहराई से जानने वाला, ग्रहों की स्थिति की गणना करके, कुछ भी जान सकता है। भूत, वर्तमान... और भविष्य–

आज की लग्न कुंडली में, रात के ठीक आठ बजकर बारह मिनट पर शनि चन्द्रमा के साथ चौथे घर में प्रवेश कर रहा है...

...और यही लग्न सबसे उत्तम है... हमारे काम के लिए। कुछ खतरा है, परंतु असफलता की उम्मीद नहीं के बराबर है।

हम समझ गए।

और वह खतरा कौन सा है, यह भी हम जानते हैं।

कुछ और गैंग भी इस मौके की तलाश में थे! हो सकता है कि उनमें से ही कोई एक हमारे काम में अड़ंगा डालने की कोशिश करे!
अगर वे ऐसा करेंगे भी तो सफल नहीं हो पाएंगे।
क्योंकि आज के लगन में सफलता सिर्फ एक आदमी की किस्मत में लिखी है... मेरी किस्मत में...
क्लिक
...नास्त्रेदमस की किस्मत में।
राजनगर के दूसरे भाग में—
ध्रुव भइया, आज रात को तुम बाहर मत निकलना।
आज तुम्हारी पिटाई होने वाली है!
अच्छा! लगे हाथों यह भी बता दीजिए ज्योतिषीजी, कि मेरी पिटाई करेगा कौन?
अब तुम्हारे आज के भविष्यफल में यह नहीं लिखा है।
लिखा है कि... रात्रि के प्रथम प्रहर में बाहर न जाएं। शारीरिक क्षति होने की प्रबल संभावना है।
ओऽऽऽ! इतना खतरनाक भविष्य!

पगली, ऐसा भविष्यफल तो न जाने कितने न्यूज पेपरों में और मैगजीनों में आता है। और हर किसी में अलग-अलग भविष्य दिया होता है।
अरे, ये सब भी कभी सही होते हैं?
बेकार की चीजें मत पढ़ा कर! काम की चीजें पढ़!
'इंडियन टाइम्स' में निकला भविष्यफल काफी कुछ सही होता है, भइया! नास्त्रेदमस का भविष्यफल कभी झूठ नहीं होता!
नास्त्रेदमस!
उसे मरे हुए तो कई सौ साल...
ये कोई और नास्त्रेदमस है। लेकिन इसकी भविष्यवाणी बिल्कुल असली नास्त्रेदमस के टक्कर की होती है।
अब देखो! इसने मेरे भविष्यफल में कल लिखा था कि...
चुप कर! पहले नास्त्रेदमस को फोन करके पूछ कि इस हफ्ते जो तेरा 10+2 का रिजल्ट आ रहा है, उसमें तू पास होगी या फेल!
तब पता चलेगा कि नास्त्रेदमस कितना सही बताता है और कितना गलत!
गुड आइडिया! मैं अभी नताशा को फोन मिलाती हूं इंडियन टाइम्स में!
नताशा, पहले तुमने सरकारी सर्कस पर जो आर्टिकल लिखा, उसमें उस सर्कस की काफी तारीफें थीं...
...उसके बाद सर्कस में गड़बड़ियां शुरू हुईं!
INDIAN TIMES

और फिर तुम्हारा जो आर्टिकल आया वह सरकारी सर्कस के एकदम खिलाफ था।
हम ऐसी न्यूज रिपोर्टिंग नहीं चाहते हैं।
EDITOR IN CHIEF
प्रधान संपादक
अगर हम अपने विचार ऐसे ही बदलते रहे, तो हमारे पेपर की इमेज खराब होते देर नहीं लगेगी!
वह पहला आर्टिकल मैंने 'स्टार फिश' के मानसिक नियंत्रण के अधीन होकर लिखा था। इसमें मेरी कोई गलती नहीं है!
पब्लिक ऐसी बातों पर भरोसा नहीं करती! उसके लिए सुपर स्टार फिश जैसी चीजें एक गप्प से ज्यादा और कुछ नहीं होतीं।
आइन्दा अपनी न्यूज रिपोर्टिंग में ज्यादा सावधानी बरता करो।
ओ० के० सर। क्या अब मैं जा सकती हूं?
मुझे अपने नए आर्टिकल और राजनीति माफिया गैंग पर काफी काम करना है।
ऑल राइट! उम्मीद है इस बार तुम एक अच्छा आर्टिकल लिखोगी।
मुझे भी उम्मीद है, सर!

इतने खूबसूरत चेहरे पर झुर्रियां... मेरा मतलब है... शिकन ! गुस्से की शिकन ?
?
क्या हुआ नताशा ?
शेखर !
तुमसे कितनी बार कहा है कि बक वास कम किया करो !
लो ! मैं तो समझता था कि लड़कियां तारीफ सुनकर खुश होती हैं। फिर भी क्या हुआ ?
अरे वही अपना नया एडीटर इन चीफ ! किसी की पर्सनल प्रॉब्लम को समझना ही नहीं चाहता !
अभी मूड नहीं है, शेखर !
वैसे एक बात बताओ। हर बार एक ही जवाब सुनकर तुम बोर नहीं होते ?
क्या करें ? बगैर पूछे दिल भी तो नहीं भरता। किसी न किसी दिन तो 'हां' कहोगी।
अब मैं कोई ज्योतिषी तो हूं नहीं। जो पता चलेगा, वही लिखूंगी न !
नास्त्रेदमस से पूछ लिया करो। वैसे बाहर चलकर एक-एक कप कॉफी पीने के बारे में क्या ख्याल है ?
LIFT

देखते हैं सुपर रिपोर्टर मिस्टर शेखर!
नताशा को बाहर कॉफी सिर्फ एक ही शख्स पिला सकता है मिस्टर शेखर! सुपर कमांडो ध्रुव!
नताशा! कहां थी तुम? कॉल मिला-मिलाकर थक गई तुमको मैं।
तुम्हारा फोन है! अर्जेन्ट!
हैलो! नताशा हियर...
... हां, श्वेता! व्हाट ए सरप्राइज!
क्या बात है, आज मुझे कैसे याद...
... नास्त्रेदमस?
सॉरी, यार! उसका एड्रेस कोई नहीं जानता! रोज शाम को उसका एक आदमी आकर भविष्यफल दे जाता है और कैश ले जाता है!
चचचू! हाऊ सैड! ओ० के०! सी यू!
अब चलूं, अपनी छानबीन जारी रखने!
MES
यही लड़की है?
हूं!
नजर रखो इस पर!
राजनगर में, आठ बजे रात के आस पास कई स्थानों पर जाम लगना, मामूली बात होती है—

और कुछ स्थान ऐसे भी होते हैं, जहां पर राज होता है सन्नाटे का...
... तेज गति से दौड़ते वाहनों का—
और शिकार की तलाश में घात लगाए शिकारियों का—
इतना महंगा कंसाइनमेंट ले जाते हुए धुकधुकी लगी रहती है यार जसपाल!
अरे, किस बात की धुकधुकी शर्मा? गोदाम से ऐसे तीन ट्रक और हमारे साथ ही निकले हैं। और वे सभी अलग-अलग रास्तों से होते हुए वहीं पहुंचेंगे जहां हमें जाना है।
किसी भी लुटेरे के लिए यह जानना असंभव है कि असली माल किस ट्रक में...
शर्मा के पैर ब्रेक पर दबते चले गए—
SAFE
SECURITY SERVICES
किसी ने गद्दारी की है शर्मा...
ये हमारा ही इंतजार...

उतर नीचे...
क... कौन हो तुम लोग? तुमको कैसे पता चला कि...
SAFE
SECURITY SERVICE
खामोश!
वैन का दरवाजा ग्रेनेड से उड़ा दो!
तड़ाक
आऽऽह!
रॉकेट प्रोपेल्ड ग्रेनेड, एक भीषण आवाज के साथ, दरवाजे से जा टकराया—
लेकिन दरवाजे और लॉक पर जरा भी असर नहीं हुआ—
धड़ाम
दरवाजा स्पेशल मेटल का बना लगता है!
इस पर ग्रेनेड का कुछ भी असर नहीं हुआ!
हमारे पास समय बिल्कुल नहीं है। वैन को ही ले चलते हैं।
और अगर इसमें वह छोटा बॉक्स नहीं रखा हुआ तो?
तो हमारा इंफार्मर उसकी कीमत अपनी जान देकर चुकाएगा!

लेकिन इससे पहले कि लुटेरे वैन में चढ़ पाते...
... हवा में कुछ चमका-
स्टार ब्लेड!
और इन्होंने वैन के टायरों को पंचर कर दिया है। इसका एक ही मतलब है...
... कि सुपर कमांडो ध्रुव यहां पर आ चुका है!
तुमसे कहा था कि मोटरसाइकल की आवाज का ध्यान रखना... ओऊऽऽऽ
ध्यान तो रखा था। पर आवाज आई ही नहीं... ईयायाया।
आवाज आती कहां से? मैं मोटरसाइकल से आया ही नहीं। इस समय के ट्रैफिक में मोटरसाइकल से कहीं पर भी जल्दी पहुंच पाना असंभव काम है।
मोटर साइकल आधी रात की सुनसान सड़कों पर गश्त के लिए ही ठीक है। इस समय तो छतों के रास्ते, झूलते हुए आना ही सबसे अच्छा तरीका है।

तू यहां तक आ कैसे गया, लड़के? तुझे पता कैसे चला कि यहां पर कुछ हो रहा है?
ध्रुव की हजारों आंखें हैं। जिनमें से दो आंखें...
ताड़
...ये लें!
क्रियं
आह!
ये चारों एक सी पोशाकें पहने हुए हैं।
यानी ये किसी एक ही गैंग के आदमी हैं।
और इनके हथियार देखकर लगता है कि वह गैंग काफी शक्तिशाली है।
ध्रुव ने मामला निबटाने में ज्यादा समय नहीं लगाया—

क्योंकि उसको जानना था कि-
क्या हो रहा था यहां पर? इस वैन में ऐसा क्या है, जिसके पीछे ये गुंडे पड़े हुए थे?
ये जानकर तू क्या करेगा, कमांडो?
?
... क्योंकि इस वैन में जो कुछ भी है...
... उसे ट्रक और शनि ले जाएंगे!
धड़ाममम
ओह! हाई एक्सप्लोसिव रिंग्स! शनि के छल्ले!
एक बार में ही वैन के दरवाजे के परखच्चे उड़ा दिए!
?

ध्रुव के कुछ समझ पाने से पहले ही, डूक वैन में से एक छोटा सा बॉक्स लेकर बाहर आ चुका था—
आराम से आओ। ये भुक्खे हमको रोकने की हिम्मत नहीं करेंगे!
रोको इन्हें। इस बॉक्स में सुपर हाई क्वालिटी के रत्न रखे हैं। एक्सपोर्ट के लिए!
इनकी कीमत अरबों में है!
ध्रुव के लिए आगे कुछ सुनने की जरूरत नहीं थी—
अगले ही पल—
धम्म्म्म्म्म
बॉक्स, ध्रुव के हाथ में था—
धड़ाक

लेकिन, ध्रुव को उसी पल शुक्र से दूर उछल जाना पड़ा—
एक भुनगे ने हमको काट खाने की कोशिश कर ही डाली। इसको तुरन्त मसल डालना चाहिए।
ओह! एक्सप्लोसिव रिंग्स! इनका असर तो मैं देख ही चुका हूं।
ध्रुव, रिंग से तो बच गया—
शुक्र को होश खोते देखकर, शनि क्रोध से पागल हो गया—
एक्सप्लोसिव रिंग्स हवा में टिड्डियों की तरह भागीं—
लेकिन ध्रुव को एक भी रिंग नहीं छू पाया—
इन रिंग्स को ज्यादा देर तक धोखा दे पाना मुश्किल लगता है!
इनका मुकाबला करके इनको हवा में ही नष्ट करना होगा!
लेकिन हवा में उड़े, चट्टान के असंख्य टुकड़ों ने अपना-अपना निशाना ढूंढ़ लिया-

और ये काम करेंगे, चट्टान के ये टूटे टुकड़े। पहले एक्सप्लोसिव रिंग्स ने इनको तोड़ा...
...और ये अब एक्सप्लोसिव रिंग्स को नष्ट करेंगे!
भड़
धड़ाम
चट्टान के टुकड़े हवा में उड़ती रिंग्स से टकराए—
और रिंग्स हवा में ही नष्ट होने लगीं—
इधर लुटेरे भी होश में आ रहे थे—
ये दोनों कौन हैं?
पता नहीं। मगर जो भी हैं, हैं ये उसी माल के पीछे, जिसके पीछे हम हैं।
अभी बॉक्स जमीन पर पड़ा है। और ये दोनों लड़ने में बिजी हैं। दूसरा बेहोश पड़ा हुआ है।
यही मौका है, माल उठाओ और फूट लो।
बिजली की सी तेजी से एक गुंडे के हाथ, बॉक्स पर जम गए।
और अगले ही पल उसके चिथड़े उड़ गए—
धड़ाम
वह ध्रुव नहीं था, जो उछलकर, एक्सप्लोसिव रिंग्स से बच जाता—

ये छोटा सा नमूना ही, लुटेरों के दिलों में दहशत व्याप्त करने के लिए काफी था—
भागो
भागो
अब लड़ाई सिर्फ ध्रुव और शनि के बीच में थी—
इस पर एक्सप्लोसिव रिंग का वार करना बेकार है...
...उनको तो ये उछल-उछलकर बेकार कर देता है। इससे दूसरे तरीके से निबटना होगा।
ये रिंग तेरे शरीर को जकड़कर तुझे हिलने-डुलने से भी लाचार कर देंगे कमांडो!
और फिर तू हमारे किसी भी वार के लिए एक आसान सा निशाना होगा!
सांय सांय
हो सकता है शनि! लेकिन पहले इन रिंग्स को मुझे कैद तो कर लेने दो!
ये रिंग्स तो तुझे कैद करके ही रहेंगी कमांडो! क्योंकि तुझे पहले बेबस करेंगे शुक्र के बादल!
और फिर तुझे अपनी कैद में पीस डालेंगे शनि के छल्ले।
फिस्स स्स
ओह! यह भी होश में आ गया।
शुक्र के हाथ से, घने रासायनिक बादलों ने निकलकर ध्रुव को घेर लिया—

अमोनिया और कार्बन-डाइ-आक्साइड गैस के घने बादलों में घिरकर ध्रुव कुछ पलों के लिए चकरा गया—
हा हा हा ! सुपर कमांडो ध्रुव ! अब इन छल्लों के बाहर तेरी लाश ही जाएगी।
ये छल्ले हवा की नमी सोखकर पहले आकार में बढ़ते हैं; अब ये जैसे-जैसे तेरे शरीर की गर्मी से नमी उड़ती जाएगी, ये छोटे होते जाएंगे !
और फिर... फिर ये तेरे बदन की सारी हड्डियों को तोड़कर तेरे खून में मिला देंगे !
और तुझे मिलेगी एक भयानक 'मौत' !
गुड बॉय, सुपर कमांडो ! अब नर्क में मुलाकात होगी !
ओह ! ये दोनों भाग रहे हैं, और मैं इनको रोकने के लिए कुछ भी नहीं कर सकता। क्योंकि फिलहाल तो मुझे अपनी जान बचाने का रास्ता सोचना है।
क्योंकि ये छल्ले मेरे शरीर को कसते जा रहे हैं।

अगर मैंने इनसे बचने का जल्दी ही कोई उपाय न किया तो शनि की बात सच होकर ही रहेगी।
'सिक्योरिटी सर्विस' के दोनों आदमी भी नजर नहीं आ रहे! शायद भाग गए हैं।
अब अपनी मदद मुझे खुद ही करनी है... और वक्त बहुत कम है!
लेकिन इन छल्लों से छुटकारा कैसे? ओह! शनि ने कहा था कि ये छल्ले नमी पाकर आकार में बढ़ते हैं। और नमी खोकर छोटे होते जाते हैं। अगर इनको नमी दे दी जाए तो ये आकार में बढ़ने लगेंगे और मुझे इनसे छुटकारा मिल जाएगा...
...और इन छल्लों को नमी देगा...
...इस वैन के रेडियेटर में भरा पानी!
ध्रुव का बदन, लुढ़कता हुआ, वैन तक पहुंचा—
और 'रेडियेटर' पर कुछ सधे हुए वारों के बाद...
धाड़
धाड़
...'रेडियेटर में छेद हो गया—
टप
टप
टप
और पानी की बूंदें टपककर छल्लों को भिगोने लगीं—

कुछ ही पलों बाद ध्रुव, छल्लों से आजाद था—
इतनी देर में मेरे अलावा, सभी लोग यहां से भाग चुके हैं। और वैन का बेशकीमती कंसाइनमेंट भी लुट चुका है!
अब यहां पर रुकने का कोई फायदा नहीं है!
रात का अंधेरा ध्रुव को निगल गया—
और इसी वक्त- राजनगर की सबसे शानदार इमारतों में से एक में—
तुमको इंडियन टाइम्स का चीफ एडीटर मैंने बनवाया है मैंड्रे! याद है न? तुम्हारी नौकरी और इज्जत भी मेरे रहमो-करम पर है...
Sha-Gri-La

... और तुम्हारी जान भी। याद है न?
य... याद है, बार्को सर!
फिर तुमने उस लड़की को माफिया गैंग और राजनीतिज्ञों की मिलीभगत पर आर्टिकल लिखने की इजाजत क्यों दी?
इंडिया का सबसे बड़ा माफिया चीफ है बार्को...
... और राजनीतिज्ञों को उनकी गद्दी पर बैठाता है... बार्को...
... अगर वह लड़की मेरा तक पहुंच गई, तो इस गलती का जिम्मेदार बार्को तुझे मानेगा, बेंद्रे!
और इस गलती की कीमत तू अपनी जान देकर चुकाएगा, बेंद्रे! याद है न?
याद है, बार्को सर! पर ऐसा मैंने काफी सोच-समझकर किया है! उस लड़की पर नजर रखने का यही एक रास्ता था।
उस पर नजर रखो बेंद्रे! वर्ना मुझे खामख्वाह अपने हाथ उस लड़की के खून से रंगने...
... ओह! सिग्नल!
पीं पीं पीं
मैं मना करता, तो वह नौकरी छोड़कर यह आर्टिकल लिखने निकल पड़ती!
ऐसे कम से कम हमें ये तो पता रहेगा, कि वह आखिर क्या पता कर रही है?
तुम जा सकते हो, बेंद्रे! लेकिन डेली रिपोर्ट देते रहना। याद है न?
य... याद है बार्को सर!

इस मूर्ख बेंद्रे को यह पता नहीं है, कि मेरे दो आदमी नताशा के पीछे पहले से ही लगे हुए हैं...
...जो एक गलत हरकत पर उसके सिर को खींचकर उसके धड़ से अलग कर देंगे।
हमारे आदमी वापस आ गए हैं, बार्को सर!
आ गए? चलो, मैं आता हूं।
लाओ, बैनी, कहां हैं वे अनमोल रत्न?
और... रसूल खान नजर नहीं आ रहा। वह कहां रह गया?
भय से थर-थर कांपता बैनी सब कुछ हाइ स्पीड टेप की तरह उगलता चला गया—
ओह! वे रत्न मुझे इसलिए चाहिए थे, ताकि मैं उनको बेचकर पैसा कमा सकूं, और उस पैसे से राजनीतिज्ञों को खरीद-खरीदकर अपनी जेबों में रख सकूं।
दुनिया की नजरों में मैं एक बिजनेसमैन हूं। बहुत बड़ा बिजनेसमैन। लेकिन मेरे पैसे कमाने का जरिया तो अपराध ही है।
और उस जरिए को तुमने नुकसान पहुंचाया है। और ऐसा करके तुमने मुझे गुस्सा दिलाया है...
...और बार्को को जब गुस्सा आता है, तो वह बन जाता है...

पागल कुत्ता!

गर्र्र्र्र

अब ये सारे रत्न मेरे हैं।

मेरे!

इनको बेचकर तो करोड़ों... या शायद अरबों रुपए कमाए जा सकते हैं!

ले जाकर फेंक दो इस नुची हुई लाश को समुद्र में!

और यह पता लगाओ कि वे दोनों आदमी कौन थे और किसके थे?

ये रत्न पैसा जरूर कमाएंगे लेकिन बिककर नहीं।

ये सारे रत्न हीरा, पन्ना, पुखराज, नीलम, मूंगा बहुत हाई क्वालिटी के हैं। एक भी नुक्स नहीं है इनमें। इसलिए इनको एक खास अंतर्राष्ट्रीय नीलामी के लिए भेजा जा रहा था।

एक बार इनके बारे में पता चल जाने के बाद मेरी ज्योतिष विद्या के लिए ये जानना मुश्किल नहीं था कि ये रत्न किस समय और किस रास्ते से एयरपोर्ट जाएंगे?

कमाल की ज्योतिष विद्या जानते हैं आप महान नास्त्रेदमस!

हां, जानता हूं। अपने महान ज्योतिष पिता से सीखी है मैंने यह विद्या!

वे सिर्फ एक बात नहीं जानते थे कि ज्योतिष विद्या और विज्ञान का आपस में गहरा संबंध है। लेकिन मैं इस बात को साबित करके रहूंगा।

और इसका सबसे पहला नमूना मैं उन लोगों को दिखाऊंगा जिन्होंने मुझे पागल कहकर अपने बीच से दुत्कार कर निकाल दिया था!

अगले दिन-

मरकरी सर्कस★ के यहां से जाने से मैं तो बेकार हो गई ध्रुव।

अब तो एक ही रास्ता बचता है...

...कि मैं सड़क पर मजमा लगाकर नट का तमाशा दिखाऊं!

गुड आइडिया, रिचा! नगाड़ा मैं बजा दूंगी। कमाई का टेन परसेंट दे देना।

तुम चाहो तो कमांडो फोर्स ज्वाइन कर सकती हो, रिचा!

कमांडो फोर्स? नो थैंक्स, ध्रुव। मुझे लड़ाई-भिड़ाई से बहुत डर लगता है।

★ विस्तार से जानने के लिए पढ़ें- 'सर्कस'।

तो फिर मुझे यह बताओ कि तुम्हारी रुचि जिम्नास्टिक के अलावा और किस-किस चीज में है!
कंप्यूटर!
वाह! तब तो तुम कमांडो हेडक्वार्टर के नए सुपर कंप्यूटर को संभाल सकती हो!
हुंह! संभाल तो सकती हूं। मैं एक एक्सपर्ट कंप्यूटर-प्रोग्रामर हूं।
लेकिन काम करने के लिए मुझे पूरे एकान्त की जरूरत होती है। मैं कमांडो हेडक्वार्टर में बैठकर काम नहीं कर सकती!
नो प्राब्लम! मैं तुम्हारे अपार्टमेंट में एक 'कंप्यूटर टर्मिनल' लगवाकर उसे अपने सुपर कंप्यूटर से कनेक्ट करवा देता हूं...
...उसके बाद तुम घर बैठे मेरे सुपर कंप्यूटर को हैंडल कर सकती हो!
काम भी हो जाएगा और तुमको एकान्त भी मिल जाएगा!
गुड आइडिया, ध्रुव! मुझे तुम्हारा प्रस्ताव मंजूर है!
बाकी बातें बाद में करेंगे, रिचा! अभी मुझे कुछ जरूरी काम निबटाने हैं।
तुम कंप्यूटर टर्मिनल लगवाओ, मैं बाद में तुमसे मिलता हूं।
तुम ने अपनी दुश्मन ब्लैककैट को भी अपना भक्त बना लिया है ध्रुव!
अब जब तक तुमसे दुबारा नहीं मिलती, तब तक मेरा समय कैसे कटेगा, यह तो मुझे भी नहीं मालूम!
लो... लगता है एक और कन्या भइया पर धराशायी हो गई!

नताशा, धीरे-धीरे अपनी मंजिल तक पहुंच रही थी—
ये है शरद कुमार का बंगला! मेरी इंफार्मेशन के अनुसार, अगले महीने राजनगर में होने वाले, संसद के उपचुनावों का यह भी एक उम्मीदवार है। यह पैसा पानी की तरह बहा रहा है।
और इसके माफिया सरगनों से काफी अच्छे ताल्लुकात हैं...
...और इस वक्त भी इसके बंगले में घुसने वाला यह आदमी किसी भी कोण से शरीफ नहीं लग रहा है!
मेरा यहां पर एक घंटे का इंतजार, आखिर रंग ले ही आया!
जाहिर है कि ये जो कुछ भी बात करने आया है वह मेरे काम की होगी। ऐसे तो अन्दर घुसकर इनकी बातें सुन पाना बहुत मुश्किल है...
...पर मैं इसका इंतजाम करके आई हूं!
जा, डियर डोव, और मुझे इनकी प्यारी-प्यारी बातें सुना!
जा...
गुटर... गुटर!
शरद बाबू, ये है उन ईमानदार पुलिसवालों की लिस्ट, जिनका ट्रांसफर करवाना है...
मिनिस्टर बाबू से तो आपके अभी भी अच्छे कनेक्शन हैं...

...वैसे भी, ये बात तो वो भी समझ ही रहे होंगे कि इस चुनाव क्षेत्र से तो आपको ही जीतना है!
बी० भाई का सहयोग रहा, तो हमको जीतने से कौन रोक सकता है...
...तुम बी० भाई को बोल देना कि उनका काम हो जाएगा! उनके इलाके में ये पुलिस वाले दुबारा नजर नहीं आएंगे।
बी० भाई तक हमारी एक और इल्तिजा पहुंचा देना! चार-पांच आदमी भेज दें...
...हमारे खिलाफ खड़े एक विपक्षी उम्मीदवार के होश ठिकाने लगाने हैं।
काम हुआ समझो शरद बाबू...
...अब हम चलते हैं। नमस्कार शरद बाबू...!
कबूतर की गर्दन में बंधा हुआ माइक्रो ट्रांसमीटर, एक-एक शब्द को नताशा के टेपरिकार्डर तक पहुंचा रहा था—
मेरा ख्याल सही निकला! शरद कुमार का किसी बी० भाई से संपर्क है।
और ये बी० भाई कोई गुंडे पालने वाला माफिया चीफ लगता है...
...ये है मेरा शरद भाई के खिलाफ पहला सुबूत!

...अब देखा जाए कि ये रहस्यमय बी० भाई कौन है? ये गंजा जहां पर भी जाएगा, बी० भाई का ठिकाना भी वहीं होगा!
चलो!
SCHOOL OF ART & CULTURE
लेकिन नताशा ज्यादा देर तक...
?
...पीछा जारी नहीं रख पाई-
मार धक्का!
धड़ाक
दूसरी गाड़ी के सवार, नताशा के उतरने के पहले ही अपनी गाड़ी से नीचे उतर चुके थे-
यह क्या बदतमीजी है? गाड़ी चलानी नहीं आती क्या?
वो कैसेट हमको दे दे, लड़की?

और इसी दौरान- राजनगर के सेंट्रल गवर्नमेंट हॉस्पीटल के शवगृह में-
इसके बारे में कुछ पता चला इंस्पेक्टर साहब?
हमने अपनी सारी फाइलें छान मारीं ध्रुव! यह राजनगर का गुंडा नहीं है। इसको कहीं बाहर से बुलाया गया था।
उस 'ज्वेल कंसाइनमेंट' के पीछे लुटेरों के दो गुट पड़े हुए थे! और उन दोनों गुटों के बारे में ही हमको कुछ नहीं पता!
वो तुम्हारे शुक्र और शनि? उनका अगर कोई बॉस होगा तो जरूर कोई पागल एस्ट्रोलॉजर होगा...
होता है न? कोई बॉस पागल वैज्ञानिक होता है, कोई ढीला पेंच प्रोफेसर! बस, वैसे ही...
शायद आप ठीक कह रहे हैं। आइडिया सोचने लायक है!
इंस्पेक्टर खन्ना मुझ पर व्यंग्य कसते-कसते, शायद गलती से सही बोल गया!
शुक्र और शनि के अपराध करने के तरीके से साफ पता लगता है कि उनका अपराध करना ग्रहों की वास्तविक शक्तियों पर आधारित है।
वे कहीं न कहीं खगोल शास्त्र यानी 'एस्ट्रो-फिजिक्स' से जुड़े हुए हैं। शायद 'राजनगर-ऑब्जरवेटरी' के डायरेक्टर मेरी कुछ मदद कर सकें। उनसे मिलना होगा मुझे!

नताशा पर खतरा मंडरा रहा था–

कैसेट हमको दे दे, लड़की!

कैसेट चाहिए तो किसी ऑडियो- वीडियो लायब्रेरी में जाकर मांगो!

मैं यह बिजनेस नहीं करती!

मैं सोच रहा था कि तुमसे कैसेट लेने के बाद तुम्हे खत्म किया जाए, या तुम्हे खत्म करने के बाद कैसेट ले ली जाए...

...तूने पंजाराजा की मुश्किल आसान कर दी।

धाड़.

वार अप्रत्याशित था–

नताशा वह वार बचा न सकी–

कुछ पलों के लिए उसका सिर घूम गया–

और उसकी गर्दन एक शिकंजे में फंस गई–

असीमित ताकत थी उन पंजों में! नताशा का सिर धड़ से उखड़कर अलग हो जाने को बेताब हो रहा था–

लेकिन नताशा, एक आम लड़की नहीं थी–

दांव-पेंच उसे भी आते थे–

धममममम

ओह! इधर मैं इस पंजा-राजा से लिपट रही हूं...

... और उधर वो नीचो मेरी कार से कैसेट निकाल चुका है!

तड़ाक

कैसेट, नीग्रो के हाथ से छूट गई—
और नताशा कैसेट की तरफ लपकी—
...नीग्रो अपनी पिस्तौल, निशाने पर तान चुका था—
लेकिन कैसेट तक पहुंच पाने से पहले ही...
धांय
धांय धांय
धांय धांय
तड़ाक
कड़ाक

धड़ाम
तड़ाक
आह!
तड़ाक
कुछ ही पलों बाद-
पिस्तौल नताशा के हाथ में थी-
अब तुम दोनों मुझे बताओ! क्यों लगे थे मेरे पीछे?
कैसेट से तुम लोगों का क्या संबंध है?

अगले ही पल- नताशा के सिर पर मानो पहाड़ टूट पड़ा-
धड़ाक
चलो, मूर्खो! एक मामूली रिपोर्टर लड़की से पिट गए!
मुझे मालूम था कि कोई पीछा हो रहा है! और यह भी मालूम था कि तुम दोनों इस लड़की के पीछे लगे हो!
इसीलिए मैं यहां पर वापस आ गया... अच्छा ही हुआ! वर्ना इस वक्त तुम दोनों पुलिस की हिरासत में होते!
खत्म कर दें इस लड़की को!
नहीं! इसको चेतावनी मिल चुकी है! इसको संभलने का एक मौका मिलना चाहिए!
अभी यहां से चुपचाप फूट लो! वैसे भी भाई तुम दोनों की रिपोर्ट पाकर खुश नहीं होंगे!
रात का अंधेरा, धीरे-धीरे अपनी काली चादर में राजनगर को समेट रहा था-
यह है 'राजनगर ऑबजरवेटरी' के डायरेक्टर डॉक्टर साहा का अपार्टमेन्ट!
हैलो! डॉक्टर साहा स्पीकिंग! आप कौन?
ओ. ध्रुव! ... हां! हां...

मुझसे मिलना चाहते हो? ठीक है... अभी मैं घर पर ही हूं। बाकी फैमिली घूमने गई है। यहीं पर बात कर लेंगे!
ओ० के० प्रोफेसर साहब! मैं दस मिनट में पहुंचता हूं आपके पास!
आखिर ये... ध्रुव को मुझसे मिलने की क्या जरूरत पड़ी...
सूंऽऽ! ये महक किस चीज की आ रही है?
ये... तेरी मौत की महक है, साहा!
क... कौन हो तुम?
धींईईई
तुम!
क्या करने आए हो यहां पर?
तुमको यह विस्तारपूर्वक समझाने आया हूं कि तुम जो कुछ कहते थे, वह गलत था...
... और जो कुछ मैं कहता था, वह सही था!
और अब मैं तुझे दिखाता हूं ग्रहों की ताकत!

ये सूर्य की शक्ति थी, साहा। जिसकी किरणों को इस अंगूठी में लगा रत्न सोखता है।
और फिर मेरी कलाई में लगा एम्पलीफायर इन किरणों की शक्ति को दस लाख गुना बढ़ाकर घातक शक्ति वाला बना देता है!
पागल हो गए हो क्या? आग लगाओगे इस बिल्डिंग में?
घबराओ मत! यह दूसरा रत्न शुक्र ग्रह की किरणों को सोखता है। शुक्र के बादल और पानी इस आग को बुझा देंगे!
य... ये सब तुम मुझे क्यों दिखा रहे हो?
क्योंकि तूने ही मेरे नाम पर धब्बा लगाया है। मैं शान्तिपूर्वक ऑबजरवेटरी में अपना प्रयोग कर रहा था!
तूने मुझे ऑबजरवेटरी से निकाल दिया। यह कहकर कि यह पागलपन वाले प्रयोग, इस ऑबजरवेटरी में नहीं होंगे।
याद है? जब मैंने कहा था कि ज्योतिष शास्त्र भी खगोल शास्त्र का ही एक अंग है...
...और खास रत्न, खास ग्रहों की किरणें सोखते हैं, तब तू कितनी जोर से हंसा था। पागल कहा था तूने मुझे!
और फिर मुझको यह कहकर नौकरी से निकाल दिया था कि यह ऑबजरवेटरी है, पागलखाना नहीं!
व... वह तो मैंने इसलिए किया था, क्योंकि तुम सरकारी ऑबजरवेटरी में अपने व्यक्तिगत प्रयोग कर रहे थे। इसकी मैं इजाजत नहीं दे सकता था!
झूठ! तुम डरते थे मुझसे! मेरी बुद्धि से जलते थे। इसीलिए तुमने मुझे रास्ते से ही हटा दिया!

पर आज मैंने यह साबित कर दिया, कि मैं सही था और तू गलत !
और अब तू भी मेरी महानता को स्वीकार करेगा! मेरे पैर छूएगा। चल! छू मेरे पैर।
चल!
भय से थर-थर कांपते और भागने का रास्ता ढूंढ़ रहे डॉक्टर साहा ने यह मौका नहीं खोया—
मुझसे बचकर कहां जाएगा, साहा? भाग जितना भागना है!
नास्त्रेदमस के बाहर निकलने तक लिफ्ट का दरवाजा बंद हो चुका था—
हा हा हा! समझता है कि लिफ्ट से भागने से बच जाएगा!
लेकिन इस मूर्ख को अभी नास्त्रेदमस की शक्तियों के बारे में दस परसेंट भी नहीं पता!
नास्त्रेदमस के हाथ से निकलती किरण तेजी से सीढ़ियों पर बर्फ जमाने लगी—

और नास्त्रेदमस, उस पर फिसलता हुआ, नीचे की तरफ बढ़ने लगा—

वहां से थोड़ी ही दूर पर - रिचा के अपार्टमेंट में—

फर्स्ट क्लास! तुमने तो पूरी कंप्यूटर लैब बिठा ली है, रिचा!

मैंने नहीं... तुमने! फाइनेंस तो आखिर तुमने ही किया है इस कंप्यूटर लैब को!

वैसे मुझे इन सारी चीजों की ही जरूरत थी!

अब मैं इस कंप्यूटर सिस्टम के जरिए कुछ भी कर सकती हूं। कुछ भी!

वेरी गुड! फिलहाल मैं एक जरूरी काम से जा रहा था। रास्ते में सोचा, कि तुमसे भी मिलता चलूं!

अभी मैं चलता हूं। फिर मिलते हैं।

डॉक्टर साहा अब एक भी कदम आगे बढ़ने की हालत में नहीं थे—

हफ़... हफ़... हफ़...

क्या हुआ तुम को?

मेहता ज्वेलर्स

रो... रोको उसे। हफ़-हफ़! वह... वह मुझे मार डालेगा! हफ़! हफ़!

कौन मार... डालेगा?
वह!
ये... ये कौन है? बर्फ पर फिसलता हुआ आ रहा है?
हट जाओ मेरे रास्ते से मूर्खो, वर्ना साहा के साथ-साथ तुम लोगों को भी पीस डालूंगा मैं!
रुक जाओ! वर्ना...
यह रुक नहीं रहा है सर!
रायफल की नाल गोलियां उगलने लगीं—
धड़ाम
तड़तड़
लेकिन एक भी गोली...
देन फायर! घायल कर दो इसे!
...नास्त्रेदमस तक नहीं पहुंच सकी—
मुझ पर गोलियां क्यों बरबाद कर रहे हो?
मेरी जूपिटर ग्रह की शक्ति तुम्हारी गोलियों को खींच कर बरबाद कर देगी!
ये है जूपिटर ग्रह की तीव्र गुरुत्वाकर्षण शक्ति!

और अब मैं तुमको बुध ग्रह की शक्ति दिखाता हूं। बुध ग्रह की एक सतह का तापमान शून्य से 272 डिग्री नीचे है। लेकिन दूसरी सतह का तापमान जो हमेशा सूर्य की तरफ रहती है... 400 डिग्री है।
और इतने तापमान पर धातुएं तक, पानी की तरह पिघलकर बहने लगती हैं...
...जैसे तुम्हारी जीप...
बडाम
भागो! जीप फटने वाली...
आह!
दू... दूर रहो मुझसे!
हाहा हा हा हा! अब तुझे मुझसे कौन बचाएगा, साहा?
मैं बचाऊंगा!
ध्रुव... ओ थैंक्स गॉड!

सुपर कमांडो ध्रुव! मेरे आदमियों; शुक्र और शनि ने मुझे तुम्हारे बारे में सावधान किया था...
... अच्छा हुआ कि तू अपने-आप मेरे हाथों से मरने के लिए यहां पर आ गया!
अब नास्त्रेदमस तेरी मौत का तरीका खुद तय करेगा!
नास्त्रेदमस! तुम नास्त्रेदमस हो?
और वे शुक्र और शनि तुम्हारे आदमी थे? यानी वे सारे कीमती रत्न तुमने लूटे हैं...
... और ये तुम्हारा दूसरा जुर्म है?
अपने-आपको चुपचाप मेरे हवाले कर दो...
मैं तुझे मौत के हवाले करने जा रहा हूं, बच्चे!
और तू मुझे, अपने हवाले करने की बात कर रहा है!
ओह! आश्चर्यजनक! इसकी उंगली से निकली किरणों ने जमीन में आग लगा दी!
आखिर यह मुझ पर किस चीज से हमला कर रहा है?
इसके हाथ की अंगूठियों के रत्न अलग-अलग ग्रहों की किरणें सोखते हैं... और यह उन ग्रहों की शक्ति से ही आक्रमण करता है ध्रुव! ये किरणें काफी खतरनाक हैं!

... तुम अगर इसकी अंगूठियों को किसी तरह से बेकार कर दो तो...
बहुत बोलता है तू साहा! गर्मी बहुत है तुझमें! ले, मैं तुझे ठंडा कर देता हूं...
हे भगवान! इसने डॉक्टर साहा को बर्फ की सिल्ली में कैद कर दिया!
घबरा गया? च्च्च!
घबरा मत! मैंने तेरे लिए मौत का दूसरा तरीका चुना है!
?
ये है मंगल और बृहस्पति ग्रह के बीच में तैरते चट्टानी टुकड़ों की पट्टी! एस्टेरॉयड बेल्ट!
इस एस्टेरॉयड बेल्ट की शक्ति ही तेरी मौत का कारण बनेगी लड़के!

ओह! ये भारी-भारी चट्टानी टुकड़े, गोली की रफ्तार से मेरी तरफ आ रहे हैं!
और ये इतनी ज्यादा तादाद में हैं कि इनसे कुछ देर तक भी बच पाना मुश्किल लग रहा है!
दूसरी तरफ—
क्या मतलब है आपका? मेरी रिपोर्ट क्यों नहीं लिखेंगे आप?
हम रिपोर्ट लिखते हैं, नताशा जी! मनगढ़ंत आरोप और गप्पें नहीं लिखते!
मैं मनगढ़ंत आरोप नहीं लगा रही हूं। मुझ पर जानलेवा हमला किया गया। मैं तीनों गुंडों के हुलिए भी बता सकती हूं।
ऐसे तो मैं आपको पांच सौ पचहत्तर गुंडों के हुलिए बता सकता हूं। आप जिस इलाके में हमले की बात बता रही हैं, उस इलाके में हमारी पेट्रोल जीप बराबर गश्त लगा रही थी। और उसने कुछ नहीं देखा!
आप मेरी रिपोर्ट नहीं लिखेंगे इंस्पेक्टर तो मैं इस खबर को अपने पेपर में छाप दूंगी!
आप इसको पूरी दुनिया के पेपर में छपवा दो। फिर भी झूठ-झूठ ही रहेगा!

ऑल राइट ! मैं तुम्हारे सीनियरों से तुम्हारी रिपोर्ट करूंगी !
जाओ, जाओ, मैडम ! धमकी किसी और को देना !
नताशा धमकी नहीं देती मि. इंस्पेक्टर ! मुझे सिर्फ ध्रुव से मिलने की देर है !
उसके बाद आई. जी. साहब से कहकर तुम्हारी वर्दी उतरवा दूंगी !
मालूम नहीं, नताशा के मिलने तक ध्रुव की किस्मत में जिन्दा बचना था भी या नहीं—
आह!
अभी तक तो मैं किसी तरह से जान बचाए हुए हूं...
तड़.
... लेकिन इन तूफानी रफ्तार की चट्टानों का एक भी सीधा वार मेरे सारे बदन की हड्डियां तोड़ देगा !
मास्टरमाइंड तक पहुंचकर उसकी अंगूठियों को जल्द से जल्द बेकार करना होगा। पर कैसे ?
वाह ! तरीका तो सामने खड़ा हुआ है !

नास्त्रेदमस के संभल पाने से पहले ही बर्फ की सिल्ली उसके शरीर से आ टकराई—

धड़ाक

चट्टानें उगलने वाला गोला गायब हो गया—

और नास्त्रेदमस क्रोध से पागल हो गया—

तूने नास्त्रेदमस पर हमला करने की जुर्रत की! मैं तेरा नामो-निशान मिटाकर रख दूंगा!

तड़ाक

धनाक

तुझे बृहस्पति ग्रह की शक्तियों से मारूंगा! पहले संभाल महाविशाल ग्रह बृहस्पति की सतह पर घूमते लाल तूफान को!

ध्रुव का बदन उड़ता हुआ ज्वेलरी शॉप की शो विण्डो से जा टकराया—

टक्कर इतनी जोरदार थी कि बुलेटप्रूफ शीशा भी चटक कर रह गया—

और ध्रुव का दिमाग सुन्न हो गया—

तू उछलता बहुत है सबसे पहले इसी का इंतजाम कर दूं। बृहस्पति ग्रह की गुरुत्वाकर्षण शक्ति से!

य... यह क्या हो गया? मेरे पैर तक ... हिल नहीं पा रहे हैं!

सोच! यह गर्मी तेरे हाड़-मांस के शरीर का क्या हाल करेगी?

ध्रुव की विस्फारित आंखें अपनी तरफ बढ़ती हत्यारी तरंगों को देखने के अलावा और कुछ न कर सकीं—

नहीं हिल पा रहे हैं न? तूने बुध ग्रह की गर्मी से जीप को पिघलते तो देखा ही होगा!

लेकिन उसके हाथ, अपने बचाव के लिए आस-पास की जगह को टटोलने लगे और—

और... उसके हाथों में कुछ आ गया—

ये क्या ? ये घातक किरण मेरी मुट्ठी में सिमटती जा रही है !
मुझे नुकसान नहीं पहुंचा रही है। पर क्यों ?
ऐसा क्या आ गया मेरी मुट्ठी...
रत्न !
ज्वेलरी शॉप के शो-केस में रखे रत्न !
ओह ! ये रत्न, मेरे रत्नों से निकली घातक तरंगों को सोख कर वापस सामान्य स्तर का बना दे रहे हैं !
हां, नास्त्रेदमस ! अब मैं अपने पैर भी हिला सकता हूं...
...और हाथ भी...
धड़ांक
आह!
मेरे रत्नों की शक्ति बेकार हो गई !
अभी यहां से भागने में ही भलाई है। इस छोकरे से तो मैं बाद में निपट लूंगा !
इस पर मेरी शक्तियां असर नहीं करेंगी। लेकिन सड़क पर जरूर करेंगी !
सड़क पर जमा तारकोल भभक उठा। ध्रुव और नास्त्रेदमस के बीच में आग की एक दीवार खड़ी हो गई—
और—
नास्त्रेदमस भाग निकला। अभी मैं उसका पीछा नहीं कर सकता !
क्योंकि इस वक्त डॉक्टर साहा और दोनों पुलिस वालों की जान बचानी ज्यादा जरूरी है !

और फिर- रिचा के अपार्टमेंट में-

तुमको इस वक्त डिस्टर्ब करने के लिए माफी चाहता हूं रिचा। लेकिन डॉक्टर साहा से मुझे कुछ जरूरी बातें पूछनी हैं...

...और घटनास्थल से सबसे पास तुम्हारा ही अपार्टमेंट पड़ता है।

माफी! मुझे शर्मिन्दा मत किया करो, ध्रुव!

यह तो मेरी खुशकिस्मती है कि मैं तुम्हारे कुछ काम आ सकी!

चलो देखें! डॉक्टर साहा बात-चीत करने की स्थिति में आ गए हैं या नहीं!

डॉक्टर साहा से सारी बातें जानने के बाद-

ओह! तो यह नास्त्रेदमस पहले ऑब्जरवेटरी में एक वैज्ञानिक था!

हां, ध्रुव! ऑब्जरवेटरी से निकाले जाने के बाद इसने कंपाला-हिल्स में अपनी एक ऑब्जरवेटरी बनाई है। वहां पर इसने अपना कंप्यूटर सिस्टम भी लगाया है।

और चोरी-छिपे हमारी ऑब्जरवेटरी के कंप्यूटर सिस्टम से संपर्क बनाकर हमारी कई गुप्त सूचनाओं को भी चुराया है।

वाह! यानी नास्त्रेदमस के कंप्यूटर-सिस्टम का बाहर के सिस्टमों से भी संपर्क है। वेरी गुड!

तब तो मैं भी अपने कंप्यूटर के जरिए नास्त्रेदमस के कंप्यूटर-सिस्टम को यहीं से बैठे-बैठे बेकार कर सकती हूं!

यह इतना आसान नहीं है ध्रुव! नास्त्रेदमस के कंप्यूटर सिस्टम तक पहुंचने के लिए मुझे काफी मेहनत करनी पड़ेगी!

तो करो रिचा, करो! नास्त्रेदमस का खतरा अभी भी राजनगर पर मंडरा रहा है।

कितना समय लगेगा?
दो मिनट से लेकर दो साल तक लग सकते हैं!
ओह! तब तुम अपने तरीके से नास्त्रेदमस को रोकने की कोशिश करो!
और मैं अपनी तरह से उसको रोकता हूं!
इसी दौरान- पुलिस स्टेशन में—
कैप्टेन! इंस्पेक्टर शमशेर सिंह हियर। हां, वह लड़की आई थी रिपोर्ट लिखवाने!
इं. शमशेर सिंह
पर आपने मुझे पहले ही सतर्क कर दिया था। इसी लिए मैंने रिपोर्ट लिखी ही नहीं!
हमने सिर्फ तुम्हारे ही नहीं, सभी थानों में खबर भेज दी थी। वैसे तुमने अच्छा काम किया। गुड वर्क।
पर वह मेरा नाम पेपर में छापने की धमकी दे रही थी।
घबराओ मत!
आराम से थाने में लेटकर सोओ। कल दस हजार का एक पैकेट तुम्हारे पास पहुंच जाएगा!
रिपोर्ट पेपर में छपेगी। हा हा! कोशिश करके देख लड़की! बाकों सर के हाथ यहां-वहां पहुंचे हुए हैं जहां तक हवा भी नहीं पहुंच पाती। वैसे यह लड़की हमारी चेतावनी से कुछ सीखी नहीं।
लगता है कि समय से पहले ही इसकी आत्मा को परमात्मा में विलीन करना पड़ेगा!

कैपाला हिल्स—
क्या ? ध्रुव ने आपको भी भागने पर मजबूर कर दिया ?
किस्मत तेज थी उसकी, शनि...
...कि हमारी लड़ाई एक ज्वेलरी शॉप के पास हो रही थी। वर्ना आज उसकी लाश तक ना मिलती किसी को !
अगर ध्रुव... ध्रुव ने आपकी शक्तियों का काट ढूंढ लिया है, तब तो मामला खतरनाक हो गया है। अगर वह यहां तक आ गया तो ?
यहां तक तो वह आएगा ही शनि ! साहा उसको यहां का पता जरूर बताएगा। और वह यहां जरूर आएगा !
लेकिन नास्त्रेदमस के पास एक नहीं; कई शक्तियां हैं। और उनमें से ही एक है...
...ये 'एस्ट्रोलाइन-क्रिएटर'। यानी राशि निर्माता !
ये कंप्यूटराइज्ड क्रिएटर ब्रह्माण्ड किरणों को इकट्ठा करके, उस वक्त आकाश में जो भी राशियां उदित हो चुकी होंगी, उस राशि को इस ऑबजरवेटरी में साकार और सजीव रूप में बना देगा !

ऐसी बारह राशियां होती हैं। और किसी न किसी राशि में तो उस ध्रुव की मौत का योग लिखा ही होगा। शायद कर्क में या फिर मेष में या कुंभ में या...
धम
अपनी किस्मत को ध्यान से पढ़ ले, नास्त्रेदमस!
क्योंकि तेरी मृत्यु राशि का नाम है... सुपर कमांडो ध्रुव!
...क्योंकि यहीं पर लिखी है तेरी मृत्यु की घड़ी।
और वह घड़ी है...
आहा! मैं तेरा ही इंतजार कर रहा था लड़के! तुझे तो यहां पर आना ही था...

धनुराशि!
... तुम्हारी मौत!
?

रिचा, अपने कंप्यूटर से उलझी हुई थी—
ओफ़! सत्ताइस पास-वर्ड और कोड ट्राई कर चुकी हूं। लेकिन सारे के सारे निगेटिव! सबमें 'एरर' आ रहा है!
जल्दी करो, रिचा! जल्दी करो!
NEGATIVE
नास्त्रेदमस के कंप्यूटर-सिस्टम के अन्दर पहुंचो! मैं जानता हूं, और यह अनुभव भी कर चुका हूं... कि नास्त्रेदमस इस दुनिया का सबसे खतरनाक जीनियस है...
ध्रुव की जान खतरे में है...
ध्रुव, सचमुच खतरे में था—
टंग टंग टंग

ओह! ये 'धनु' तो मुझ पर तूफानी गति से बाणों की बौछार कर रहा है! मेरी फुर्ती भी ज्यादा देर काम नहीं आएगी!
तुम एकदम ठीक समझ रहे हो, ध्रुव!
धड़ाम
मैं कभी अपने साथ कोई हथियार नहीं रखता! जानते हो क्यों? क्योंकि मैं दुश्मन पर हमेशा...
...क्योंकि इसके 'सौर-ऊर्जा' युक्त बाणों का सिर्फ एक वार तुम्हारा राम नाम सत्त कर देने के लिए काफी है!
...दुश्मन के हथियार से ही वार करता हूं।
धड़ाम

अरे! इस पर कोई भी असर नहीं हुआ!
यह 'ब्रह्माण्ड-किरणों' से बना राशि प्राणी है, ध्रुव! यह चलता ही सौर ऊर्जा से है।
तुम खुद ही सोचो!
इस पर सौर-ऊर्जा युक्त बाण भला क्या असर करेंगे?
अगर ऐसा है तो फिर मुकाबला बराबरी का होना चाहिए!
अगर मेरे हाथ में हथियार नहीं है, तो फिर इसके हाथ में भी नहीं रहेगा!
तड़ाक
ओह! यानी तुम मेरे 'राशि-प्राणी' से शारीरिक बल वाला मुकाबला चाहते हो!
वेरी गुड! क्योंकि ब्रह्माण्ड-किरणों के इस शरीर को तो न्यूक्लियर बम भी नहीं भेद सकते...
ध्रुव ने कोशिश की-
हो हा हो हो!
...फिर भी, तुम कोशिश करके देख लो!
तड़ाक
और उसके दिमाग का जर्रा-जर्रा हिलकर रह गया—

संभल पाने से पहले एक बार और हुआ—
और ध्रुव का दिमाग धीरे-धीरे अंधकार में डूबने लगा—
तड़
इससे ऐसे जीत पाना असंभव है। इसको बेकार करने का एक ही तरीका है कि इसको संचालित करनेवाले कंप्यूटर को बेकार कर दिया जाए।
और यह काम कर सकती है सिर्फ...
...रिचा—
रिचा! जल्दी करो!
जल्दी!
कीप क्वाइट मिस्टर साहा!
आप मुझे डिस्टर्ब कर रहे हैं।
ओफ़! डैम इट! नास्त्रेदमस के कंप्यूटर सिस्टम में 'एंटर' करने की मेरी सारी कोशिशें नाकाम साबित हो रही हैं।
और जब तक मैं कामयाब होऊंगी, तब तक ध्रुव का न जाने क्या हाल हो चुका होगा!
ध्रुव की तरफ, धनुराशि के खुर उसको कुचल देने के लिए बढ़ रहे थे—
तभी- ध्रुव ने अपने-आप को संभाला—
और—

धनु, क्रोध से पागल हो उठा—
ओह! यह तो अपने खुरों से इस पक्के फर्श में छेद कर दे रहा है!
...फिर इसके खुर मेरे बदन का क्या हाल करेंगे?"
और उधर—
ईया या या या या या!!
क... क्या हुआ? करंट लग गया क्या?
मैंने नास्त्रेदमस के कंप्यूटर सिस्टम में 'एंटर' कर लिया है, डॉक्टर साहा!
वाह! तो बेकार कर दो उस बड़बोले के कंप्यूटर सिस्टम को!
करती हूं। अब सिर्फ एक मिनट और लगेगा!
लेकिन ध्रुव तो एक पल भी इंतजार नहीं कर सकता था—
अब मुझे समझ में आया तरीका!
इसको रोकने की नहीं, बल्कि मुझे तो इसके खुरों से तोड़-फोड़ कराने की जरूरत है!

और इसके लिए मुझे सिर्फ इसकी आंखों को बंद करने की जरूरत है...
?
...ताकि यह देख न पाए कि यह कहां पर वार कर रहा है!
तड़ाक
पसलियों में लात लगाते ही...
...धनु बौखला उठा—
और ध्रुव को गिराने की बेतरह कोशिश करने लगा—
उसकी हर कोशिश, नास्त्रेदमस के ताबूत की एक-एक कील बनती जा रही थी—
अरे! यह बौखला कर मेरे कंट्रोल से बाहर हो रहा है! इससे तो यह मेरी पूरी लैब तोड़ डालेगा!
कड़क
कोशिश तो मेरी भी यही है, नास्त्रेदमस!

तेरी कोशिश बेकार करने का इंतजाम मैं अभी किए देता हूं, लड़के !

आकाश में एक और राशि जेमिनी यानी मिथुन उदित हो चुकी है...

... मैं उसको अभी...

... अरे ! मेरे कंप्यूटर को क्या हो रहा है ? यह... यह काम करना बंद कर रहा है !

किसी ने मेरे कंप्यूटर में वायरस डाल दिया है।

वाह ! यानी ऋचा ने अपना काम...

अरे ! धनु का शरीर गर्म हो रहा है !

इसको सौर ऊर्जा मिलनी बंद हो चुकी है। लगता है कि अब ये...

... गायब होने वाला है !

यह... यह क्या हुआ? मेरा कंप्यूटर खराब कैसे हो गया?
यह मैं तुमको बताऊंगा! पर यहां नहीं...
... तब, जब मैं जेल में तुमसे मिलने आऊंगा!
आह!
ध्रुव के एक भीषण वार ने मास्त्रोदमस को, बेहोशी की दुनिया में पहुंचा दिया—
रिचा का मैसेज कंप्यूटर स्क्रीन पर आ रहा है...
..INFORMED THE POLICE... ...RICHA
उसने पुलिस को खबर कर दी है।
वेरीगुड! वेलडन, रिचा!
..HOPE YOU'RE ALL RIGHT! ...RICHA
होप यू आर आल राइट। यानी उम्मीद है, तुम ठीक-ठाक हो! यस रिचा, मैं एकदम ठीक हूं। आगे और भी कुछ लिखा आ रहा है...
... कोई इंपोर्टेंट मैसेज लगा...
I LOVE YOU!!! ... RICHA...
आई लव यू है!...
समाप्त